भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. †*84
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**स्वदेश दर्शन योजना का कार्यान्वयन**

†*84. **डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**श्री राजेश वर्मा:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन योजना के शुभारंभ के उपरांत इसके अंतर्गत अब तक आवंटित, संस्वीकृत, वितरित और उपयोग की गई धनराशि का वर्षवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) विशेष रूप से महाराष्ट्र और बिहार में पर्यटन सेवाओं और 'विजिटर इंगेजमेंट' में सुधार के लिए उक्त योजना के साथ एकीकृत की जा रही प्रौद्योगिकी का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर अल्पसेवित क्षेत्रों में उक्त योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और क्या प्रयास किए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार उक्त योजना के तहत विकसित स्थलों की वैश्विक स्तर पर दृश्यता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ साझेदारी की संभावनाओं का पता लगाने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने उक्त योजना के विस्तार के लिए इसमें देश भर के और अधिक स्थलों को शामिल करने हेतु एक व्यापक योजना की रूपरेखा तैयार की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्री राजेश वर्मा द्वारा स्वदेश दर्शन योजना का कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*84 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन' नामक अपनी योजना के तहत उन्हें पर्यटन संबंधी परियोजनाएं शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह सहायता संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति और योजना दिशानिर्देशों तथा सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुपालन, बजट की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन प्रदान की जाती है। पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत से अब तक विभिन्न विषयगत परिपथों के अंतर्गत 5287.90 करोड़ रु. की कुल 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। अब मंत्रालय ने स्थायी गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के नाम से नया रूप दिया है और देश में 791.25 करोड़ रु. की 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। स्वदेश दर्शन और एसडी 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत निधि की मंजूरी पर्यटन सेवाओं और विज़िटर इंगेजमेंट को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित हार्ड तथा सॉफ्ट घटकों के लिए दी जाती है। देश में उक्त योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठकें आयोजित करता है।

(घ): स्वदेश दर्शन योजना केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है जिसके तहत पर्यटन संबंधी सुविधाओं के विकास के लिए सरकार द्वारा 100% वित्तपोषण प्रदान किया जाता है और अभी तक इसमें अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की भागीदारी का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, राज्य सरकारें/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से सृजित परिसंपत्तियों का संचालन और प्रबंधन तथा उनकी मार्केटिंग कर सकती हैं ताकि वैश्विक स्तर पर उनकी दृश्यता को बढ़ाया जा सके।

(ड.): 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत परियोजनाओं पर विचार करना एक सतत प्रक्रिया है, जो राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों और निधियों की उपलब्धता पर आधारित है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' नामक उप-योजना के तहत देश में 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से इन गंतव्यों के लिए परियोजना प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

इसके अलावा, भारत सरकार ने अपनी 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)-वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' योजना के तहत, वित्तीय वर्ष 2024-25 में महाराष्ट्र और बिहार राज्य सहित 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रु. की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्री राजेश वर्मा द्वारा स्वदेश दर्शन योजना का कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*84 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु.) | जारी/प्राधिकृत राशि (करोड़ रु.) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | तटीय परिपथ 2016-17 | लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप-बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 | 22.13 | 22.08 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 | 67.83 | 67.83 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 | 50.96 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास | 35.24 | 30.02 | 30.02 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 | 47.28 | 47.28 |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा - सेप्पा - पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ - संगदूपोटा-न्यू सगाली - | 96.72 | 91.88 | 91.88 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | जीरो-योम्चा का विकास | | | |
| 7. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास | 94.68 | 94.68 | 89.94 |
| 8. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास | 90.98 | 90.97 | 86.42 |
| 9. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ 2016-17 | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 33.96 | 30.04 | 29.36 |
| 10. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | 44.76 | 42.52 | 42.17 |
| 11. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास -बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 | 95.18 | 93.22 |
| 12. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | 44.27 | 40.31 | 39.96 |
| 13. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 | 42.32 | 42.32 |
| 14. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जशपुर - कुनकुरी - मैनपाट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुर्दार - सरोधदादर - गंगरेल - कोंडागांव - नाथियानवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 | 94.23 | 94.23 |
| 15. | गोवा | तटीय परिपथ 2016-17 | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास | 97.65 | 97.65 | 97.50 |
| 16. | गोवा | तटीय परिपथ 2017-18 | तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलिम का | 99.35 | 99.35 | 97.74 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | विकास | | | |
| 17. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारदोली - दांडी का विकास | 59.17 | 56.21 | 55.52 |
| 18. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर - मोढेरा का विकास | 91.12 | 87.25 | 85.63 |
| 19. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | 26.68 | 22.28 | 19.96 |
| 20. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ 2016-17 | कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास | 77.39 | 76.74 | 76.74 |
| 21. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ 2016-17 | हिमालयन परिपथ: कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास | 68.34 | 64.54 | 62.56 |
| 22. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद, उरी - कारगिल - लेह का विकास | 77.33 | 67.37 | 59.30 |
| 23. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास। | 81.60 | 67.35 | 59.41 |
| 24. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 | 74.70 | 67.07 |
| 25. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.99 | 91.93 | 91.93 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवर - पहलगाम - जांस्कर पदुम - दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 | 69.95 | 63.25 |
| 27. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 | 82.16 | 82.47 |
| 28. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | इको पर्यटन परिपथ: दलमा - बेतला नेशनल पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 30.44 | 28.04 | 28.04 |
| 29. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास | 64.08 | 64.08 | 64.08 |
| 30. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास | 46.54 | 33.39 | 36.27 |
| 31. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास | 78.08 | 73.77 | 68.98 |
| 32. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 45.88 | 36.53 |
| 33. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरीश्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 | 42.01 | 16.19 |
| 34. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 | 86.31 | 86.31 |
| 35. | मध्य प्रदेश | बौद्ध | सांची - सतना - रीवा - | 74.02 | 72.75 | 72.75 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ 2016-17 | मंदसौर - धार का विकास | | | |
| 36. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 | 89.49 | 89.49 |
| 37. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 | 93.59 | 93.59 |
| 38. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 | 18.10 | 17.61 |
| 39. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखेडी - गिराड का विकास | 45.47 | 43.19 | 38.24 |
| 40. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल -खोंगजोम का विकास | 72.23 | 61.32 | 61.25 |
| 41. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 | 45.33 | 43.04 |
| 42. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग - मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 | 99.11 | 99.11 |
| 43. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | वेस्ट खासी हिल्स (नोंगखलाव- क्रेम तिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- | 84.97 | 84.96 | 76.97 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मावथाद्रीशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग-इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | | | |
| 44. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास | 92.26 | 92.26 | 92.26 |
| 45. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग-सकाव्रहमुइट्टुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | 66.37 | 53.09 | 53.09 |
| 46. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा- वोखा का विकास | 97.36 | 97.36 | 92.49 |
| 47. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास | 98.14 | 98.14 | 98.14 |
| 48. | ओडिशा | तटीय परिपथ 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास | 70.82 | 67.28 | 59.47 |
| 49. | पुडुचेरी | तटीय परिपथ 2015-16 | दुबरायापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावाडु/नरमबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास | 58.44 | 58.44 | 58.44 |
| 50. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रेंको - तमिल गांव, कराईकल, माहे और यानम का विकास | 49.44 | 45.70 | 45.50 |
| 51. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक | पुडुचेरी में आध्यात्मिक | 34.96 | 31.40 | 31.40 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ 2017-18 | परिपथ का विकास | | | |
| 52. | पंजाब | विरासत परिपथ 2018-19 | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | 85.32 | 81.05 | 81.05 |
| 53. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 | 50.01 | 55.89 |
| 54. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास | 75.80 | 73.85 | 77.49 |
| 55. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 | 75.03 | 75.03 |
| 56. | राजस्थान | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - | 70.61 | 66.99 | 67.04 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | | | |
| 57. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - अरितार - फादमचेन - नाथंग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग -युमथांग - लाचेन - थांगु - गुरुडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - तुमिनलिंगी - सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 98.05 | 97.41 | 97.41 |
| 58. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | सिंगटम-मका-टेमी - बेरमोइक टोकेल - फोंगिया - नामची - जोरथांग - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदिन - जोरेथांग - मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 | 95.32 | 90.55 |
| 59. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 | 71.03 | 71.03 |
| 60. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 | 91.25 | 91.62 |
| 61. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास | 79.87 | 79.87 | 79.87 |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुबशाही विरासत पार्क- पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का | 96.90 | 70.61 | 90.61 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मकबरा का विकास | | | |
| 63. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंज - गंडाचरा - अंबासा का विकास | 82.85 | 77.76 | 73.29 |
| 64. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | सूरमाचेर्रा - उनाकोटी - जम्पुई हिल्स - गुनाबती - भुवनेश्वरी-नीरमहल - बॉक्सनगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास | 44.83 | 35.25 | 26.84 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 | 72.56 | 68.43 |
| 66. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 64.09 | 56.03 |
| 67. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 | 69.63 | 69.63 |
| 68. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 | 64.14 | 63.62 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | विरासत | कालिंजर किला (बांदा) - | 36.65 | 36.65 | 36.65 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ 2016-17 | मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | | | |
| 70. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 | 115.46 | 113.22 |
| 71. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 | 11.43 | 11.69 |
| 72. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 | 18.12 | 18.12 |
| 73. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | टिहरी झील और निकटवर्ती क्षेत्रों का नए गंतव्य के रूप में विकास के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास - जिला टिहरी | 69.17 | 69.17 | 69.20 |
| 74. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ 2016-17 | कुमाऊं क्षेत्र में विरासत परिपथ - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का एकीकृत विकास | 76.32 | 68.91 | 68.91 |
| 75. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ 2015-16 | तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 | 65.07 | 65.07 |
| 76. | - | मार्गस्थ | सड़क परिवहन और | 15.07 | 14.32 | 15.83 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सुविधाएं 2018-19 | राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया-कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | | | |
| | | | **कुल** | **5287.90** | **4956.39** | **4840.11** |

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु.)** | **स्वीकृति वर्ष** | **कार्यान्वयन एजेंसी के लिए निर्धारित निकासी सीमा (करोड़ रु.)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 | 2023-24 | 2.98 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 2023-24 | 1.40 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 2023-24 | 1.84 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 2023-24 | 1.27 |
| 5. | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2023-24 | - |
| 6. | असम | जोरहाट | रीइमैंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 | 2023-24 | - |
| 7. | गोवा | पोरवोरिम | पोरवोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 23.56 | 2024-25 | - |
| 8. | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 15.65 | 2024-25 | - |
| 9. | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.64 | 2023-24 | - |
| 10. | कर्नाटक | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.72 | 2023-24 | 0.27 |
| 11. | कर्नाटक | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.47 | 2023-24 | 1.84 |
| 12. | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 2023-24 | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13. | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 24.89 | 2023-24 | - |
| 14. | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 12.01 | 2023-24 | - |
| 15. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 2023-24 | 1.67 |
| 16. | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 | 2023-24 | 2.72 |
| 17. | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 | 2024-25 | 7.62 |
| 18. | मेघालय | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 2023-24 | - |
| 19. | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 2023-24 | 3.24 |
| 20. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 2024-25 | - |
| 21. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 | 2023-24 | - |
| 22. | पुडुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 2023-24 | - |
| 23. | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 2023-24 | - |
| 24. | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 | 2024-25 | 2.59 |
| 25. | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 17.37 | 2023-24 | - |
| 26. | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 2023-24 | - |
| 27. | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 2023-24 | - |
| 28. | तमिलनाडु | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 2023-24 | - |
| 29. | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 | 2023-24 | - |
| 30. | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 | 2023-24 | 3.80 |
| 31. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 | 2023-24 | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32. | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 | 2023-24 | - |
| 33. | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 | 2023-24 | - |
| 34. | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 11.21 | 2023-24 | - |
| | | | **कुल राशि** | **791.25** | | |

एसडी2.0 के तहत परियोजनाओं से संबंधित कोई भी यूसी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

*****

अनुबंध-।।

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्री राजेश वर्मा द्वारा स्वदेश दर्शन योजना का कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*84 के भाग (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1. गंडिकोटा - किले एवं गोर्ज के अनुभव को बढ़ाना | 77.91 |
| | | 2. अखंड गोदावरी: (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट), राजमहेंद्रवरम | 94.44 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 3. सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट, पासीघाट | 46.48 |
| 3. | असम | 4. असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान, गुवाहाटी | 97.12 |
| | | 5. शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 |
| 4. | बिहार | 6. मत्स्यगंधा झील, सहरसा का विकास | 97.61 |
| | | 7. करमचट इको-पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 8. चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 |
| | | 9. जनजातीय एवं सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 |
| 6. | गोवा | 10. छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय, पोंडा | 97.46 |
| | | 11. प्रस्तावित टाउन स्क्वायर, पोरवोरिम | 90.74 |
| 7. | गुजरात | 12. केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको पर्यटन गंतव्य | 99.50 |
| | | 13. टेंटेड सिटी और सम्मेलन केंद्र, धोर्डो | 51.56 |
| 8. | झारखंड | 14. तिलैया, कोडरमा का इको-पर्यटन विकास | 34.87 |
| 9. | कर्नाटक | 15. रोरिक और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 |
| | | 16. सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा, बेलगावी का विकास | 100.00 |
| 10. | केरल | 17. अष्टमुडी जैव विविधता और पर्यावरण-मनोरंजक केंद्र, कोल्लम | 59.71 |
| | | 18. सरगालया: मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल के लिए ग्लोबल गेटवे | 95.34 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 19. ओरछा एक मध्यकालीन कांति | 99.92 |
| | | 20. भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र | 99.38 |
| 12. | महाराष्ट्र | 21. पूर्व-आईएनएस गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग | 46.91 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 22. नासिक में "राम-काल पथ" का विकास | 99.14 |
| 13. | मणिपुर | 23. लोकटक लेक एक्सपीरियंस | 89.48 |
| 14. | मेघालय | 24. मावखानू, शिलांग में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 |
| | | 25. उमियम झील, शिलांग का पुनर्विकास | 99.27 |
| 15. | ओडिशा | 26. हीराकुड का विकास | 99.90 |
| | | 27. सतकोसिया का विकास | 99.99 |
| 16. | पंजाब | 28. हेरिटेज स्ट्रीट, एसबीएस नगर का विकास | 53.45 |
| 17. | राजस्थान | 29.जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास | 49.31 |
| | | 30. जल महल, जयपुर का विकास | 96.61 |
| 18. | सिक्किम | 31. स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग, नामची | 97.37 |
| | | 32. बॉर्डर एक्सपीरियंस, नाथुला | 68.19 |
| 19. | तमिलनाडु | 33. मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क | 99.67 |
| | | 34. देवला, ऊटी में फूलों का बगीचा | 70.23 |
| 20. | तेलंगाना | 35. रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 |
| | | 36. सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक आश्रय स्थल, नल्लामाला | 68.10 |
| 21. | त्रिपुरा | 37. बंडुआर, गोमती में 51 शक्ति पीठ पार्क | 97.70 |
| 22. | उत्तर प्रदेश | 38. बटेश्वर, जिला- आगरा का विकास | 74.05 |
| | | 39. एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास, श्रावस्ती | 80.24 |
| 23. | उत्तराखण्ड | 40. प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 |
| | | **कुल** | **3,295.76** |

*****